भारत सरकार
सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय

लोक सभा

लिखित प्रश्न सं. 2973

जिसका उत्तर 05.12.2019 को दिया जाना है

राष्ट्रीय राजमार्ग-49 का रख-रखाव

2973. श्री महेश साहूः

क्या सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या अंगुल जिले के पल्लहरा से गुजरने वाले झारपोखरिया-क्योंझर-संबलपुर एनएच-49 पर भारी यातायात से निपटने के लिए निर्माण एवं मरम्मत कार्य वर्ष 2019-20 के दौरान प्रस्तावित किया गया है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) उक्त कार्य को पूरा करने के लिए क्या समय-सीमा तय की गई है?

उत्तर

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री
(श्री नितिन जयराम गडकरी)

(क): जी, हां।

(ख) और (ग): ब्यौरा निम्नानुसार है।

क्र.सं.	पैकेज़ का नाम	लंबाई (किमी में)	स्वीकृत लागत (करोड़ रु.में)	पूरा होने की संभावित तिथि
1	रारा-6 के बहरागोरा-सिंगरा खंड (बदरमा वनजीव अभ्यारण्य भाग को छोड़कर) को 4-लेन बनाना (ईपीसी)	111.606	1282.94	31.03.2021
2	रारा-6 के सिंगरा-बिंजाबहल खंड को 4 लेन का बनाना (एचएएम)	104.176	1313.20	26.03.2021
3	रारा-6 के बिंजाबहल-तेलीबानी खंड को 4 लेन का बनाना (एचएएम)	78.318	1312.86	31.03.2021
4	रारा-6 के तेलीबानी-संबलपुर खंड को 4 लेन का बनाना (ईपीसी)	50.749	712.82	10.03.2021

*****